लेकर निशान तेरा | by Surpreet Sunny

लेकर निशान तेरा आ गए हैं बाबा तेरे दीवाने
दिल की अपनी तुम्हे सुनाने और तेरा दर्शन पाने
लेकर निशान तेरा ....

नीला पीला और सुनहरी बाबा तेरा निशान है
ये निशान ही बाबा तेरे दरबार की बनता शान है
भीड़ लगी है तेरे भक्तों की देखो सब आये हैं तुझे रिझाने
लेकर निशान तेरा ....

उठाकर निशाना बोलो जय श्री श्याम
उठाकर निशाना बोलो जय श्री श्याम
बोलो खाटू नरेश की जय........

नाचते गाते खुशी मनाते सब तेरे दर पे हैं आते
होली खेलते रंगो फूलों की तेरे रंग रंग जाते
मस्ती में सब झूम रहे हैं दुनिया से हुए अनजाने
लेकर निशान तेरा ....

सन्नी पे ये करके कृपा अपना भजन लिखाया है
देकर दान सर का कंठ से अपना भाव गवाया है
करने वाले आप हो बाबा हम तो हैं अनजाने
लेकर निशान तेरा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-surpreet-sunny/